हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)
रायपुर नाका, दुर्ग (छ.ग.) – 491001
Email:, Website: www.durguniversity.ac.in, Phone - 0788-2359400

क्रमांक 1191 /अधिष्ठाता/शोध/2021 दुर्ग, दिनांक 25/09 /2021

## //शोध केन्द्र/पी–एच.डी. शोधार्थियो को सूचना//

**शोध–प्रबंध (Ph.D. Thesis) जमा करने के संबंध में**

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) में ऐसे पी–एच.डी. शोधार्थी जिनके पी–एच.डी. शोध कार्य विश्वविद्यालय अध्ययदेश क्रमांक–45 एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग *(UGC)* द्वारा जारी अधिसूचना के प्रावधान अनुसार अवधि पूरी हो गई हो वे शोधार्थियों को निम्न उल्लेखित दिशा–निर्देश अनुसार पी–एच.डी. शोध–प्रबंध *(Ph.D. Thesis)/* पी–एच.डी. सारांश *(Ph.D. Summary)* विश्वविद्यालय पी–एच.डी. सेल में प्रस्तुत कर सकेंगे –

01. शोधार्थी के शोध कार्य विश्वविद्यालय अध्यादेश क्रमांक–45 में दर्शित अवधि अनुसार पूर्ण करने पर संबंधित शोध केन्द्र द्वारा शोधार्थी का Pre Ph.D. Presentation कराना होगा जिसकी सूचना शोध केन्द्र को पत्र के माध्य से विश्वविद्यालय को अवगत कराना होगा । यह भी कि उक्त प्रेजेंटेंशन संबंधित शोध केन्द्र के विभागीय शोध समिति (DRC) के समक्ष प्रस्तुत करना होगा जिसमें समस्त शोध निर्देशक एवं समस्त शोधार्थी उपस्थित रहेंगे । शोधार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रजेंटेंशन में यदि उपस्थित शोध निर्देशकों या समिति द्वारा किसी प्रकार का सुझाव दिया जाता हो तो उसे वे अपनी शोध्र–प्रबंध में निर्देशनुसार पालन करना सुनिश्चित करेंगे ।
02. विभागीय शोध समिति द्वारा शोधार्थी को Pre Ph.D. Presentation का प्रमाणित प्रमाण पत्र प्रदान करना होगा ।
03. शोधार्थी को पी–एच.डी. सारांश (Ph.D. Summary) की 06 मूलप्रति एवं शोध प्रबंध (Ph.D. Thesis) की 03 मूलप्रति प्रस्तुत करना होगा ।
04. शोधार्थी को पी–एच.डी. सारांश (Ph.D. Summary) एवं शोध प्रबंध (Ph.D. Thesis) की अलग–अलग सॉफ्ट कॉपी PDF (जिसमें सम्पूर्ण डाटा होचा चाहिये) एवं MS-Word Formet (कंडिका–16 अनुसार) सहित CD में विश्वविद्यालय में साहित्यिक चोरी Plagiarism की जॉच हेतु प्रस्तुत करना होगा एवं Plagiarism Certificate को पी–एच.डी. शोध प्रबंध में संलग्न करना होगा ।
05. शोधार्थी को पी–एच.डी. शोध प्रबंध (Ph.D. Thesis) MS-Word Formet में प्रस्तुत करना होगा उक्त शोध प्रबंध के MS-Word Formet में किसी भी प्रकार का प्रमाण पत्र (Certificate) या शोध पत्र (Research Paper) संलग्न नही करना है ।
06. शोधार्थी ने यदि अपने शोध पत्र में यदि किसी भी प्रकार का Images संलग्न किया है तो उक्त Images – PNG Formate में होना चाहिये ।
07. शोधार्थी को शोध प्रबंध विश्वविद्यालय पी–एच.डी. सेल में जमा करते समय शोध ग्रंथ मूल्यांकन शुल्क रू. 5000/– विश्वविद्यालय चालान के माध्य से जमा करना होगा ।
08. शोध प्रबंध जमा करने के पूर्व शोधार्थी को 01 शोध पत्र एवं प्रमाण पत्र (Research Paper/Certificate) UGC Refereed Journal का शोध–प्रबंध में संलग्न करना होगा ।
09. शोध प्रबंध जमा करने के पूर्व शोधार्थी को Conferences/Seminars में 02 पेपर प्रस्तुतिकरण का प्रमाण पत्र शोध प्रबंध में संलग्न करना होगा ।
10. शोधार्थी को (Declaration by Candidate) विश्वविद्यालय अध्यादेश क्रमांक–45 के Appendix -3 अनुसार संलग्न करना होगा ।
11. शोधार्थी को (Certificate by the Supervisor/Co-Supervisor) विश्वविद्यालय अध्यादेश क्रमांक–45 के Appendix -4 अनुसार संलग्न करना होगा ।
12. शोधाथी को पी–एच.डी. शिक्षण शुल्क से संबंधित शोध केन्द्र/विश्वविद्यालय हेतु अदेय प्रमाण पत्र (No Dues) पी–एच.डी. सेल में जमा करना अनिवार्य होगा ।
13. शोधार्थी को उपरोक्त अध्यादेश के नियमानुसार शोध केन्द्र में उपस्थिति अनुसार उपस्थिति प्रमाण पत्र प्राचार्य द्वारा प्रमाणित कर जमा करना होगा ।

क्रमशः.......02

अतः उपरोक्तानुसार समस्त शोध केन्द्रों/शोधार्थियों को यह भी स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाता है कि वे अध्यादेश क्रमांक–45/विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी अधिसूचना का अनिवार्य रूप से अध्ययन करें एवं नियमानुसार शोध–प्रबंध (Ph.D. Thesis) जमा करने संबंधित प्रक्रिया का पालन करना सुनिश्चित करें ।

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

पृ. क्रमांक 1192 /अधिष्ठाता/शोध/2021

दुर्ग, दिनांक 25/09 /2021

**प्रतिलिपि –**

01. प्राचार्य, समस्त शोध केन्द्र, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) को सूचनार्थ की उक्त पत्र से संबंधित शोधार्थियों को अनिवार्य रूप से अवगत करावें एवं शोध केन्द्र नोटिस बोर्ड में लगावे ।
02. कुलपति के निज सहायक/कुलसचिव के निज सहायक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग को सूचनार्थ ।
03. वि.वि. वेबसाईट प्रभारी, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) की वेबसाईट पर प्रदर्शित किये जाने सूचनार्थ।

25/9/21

अधिष्ठाता छात्र कल्याण
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# उपस्थिति प्रमाण पत्र

## Attendance Certificate

## (As per University Ordinance-45 / UGC Ph.D. Notification)

---

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु. ............................................................................ विषय की पी–एच डी शोधार्थी है इनका पी–एच डी प्रवेश सत्र डी.आर.सी. दिनांक...................................................नामांकन क्रमांक ........................................................शोध केन्द्र ...............................................................................................शोध निर्देशक ............................................................... सह–शोध निर्देशक .......................................................है संबंधित शोधार्थी की शोध केन्द्र में पी–एच.डी शोध अंतराल में ......................................................... दिवस एवं प्रतिशत उपस्थिति शोध पंजी ............................ रजिस्टर में दर्ज की गई है । शोधार्थी के उपस्थिति के संबंध में संबंधित शोध निर्देशक/सह शोध निर्देशक को उक्त जानकारी से अवगत है । यह भी कि शोधार्थी के उपस्थिति के संबंध में यदि परिक्षण उपरांत गलत जानकारी या नियमों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित शोध निर्देशक/सह–शोध निर्देशक/शोध केन्द्र/शोधार्थी पर विश्वविद्यालय द्वारा कोई कार्यवाही अथवा विधि के अंतर्गत अभियोजन एवं दण्ड दिया जाता है या शोधार्थी की पी–एच डी अमान्य किया जाती है तो इसके लिए संबंधित शोध निर्देशक/सह–शोध निर्देशक/शोध केन्द्र/शोधार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**Signature of Ph.D. Scholar**

**Supervisor**
**(Name/Signature/Seal)**

**Co-Supervisor**
**(Name/Signature/Seal)**

# अदेय प्रमाण पत्र

## (Research Center No Dues Certificate)

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु. ............................................................................ विषय ........................................................ की पी–एच.डी. शोधार्थी है इनका शाधे केन्द्र .................................. ................................................................................................ शोध निर्देशक ...................................................................... ..................................................सह शेध निर्देशक ................................................................................. है इनके द्वारा विश्वविद्यालय में पी–एच.डी. सारांश (Ph.D. Summary) एव शोध प्रबंध (Ph.D. Thesis) जमा किया जा रहा है शोधार्थी का पी–एच.डी. अध्ययन अंतराल में शोध केन्द्र में किसी प्रकार का कोई अभिलेख/शिक्षण शुल्क/लाइब्रेरी/लैंब संबंधि उपकरण अवशेष नही है ।

**प्रवेश वर्ष** ......................................................................

**नामांकन नंबर** .............................................................

**प्राचार्य, शोध केन्द्र**
**हस्ताक्षर एवं सील**

---

# अदेय प्रमाण पत्र

## (University No Dues Certificate)

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु. .............................................................................................. विषय ............................................... की पी–एच.डी. शोधार्थी है इनका शोध केन्द्र ............................................... .............................................................. शोध निर्देशक ................................................................. सह शोध निर्देशक .................................................................................. है इनके द्वारा विश्वविद्यालय में पी–एच.डी. सारांश (Ph.D. Summary) एवं (Ph.D. Thesis) जमा किया जा रहा है शोधार्थी का पी–एच.डी. अध्ययन अंतराल में विश्वविद्यालय में किसी प्रकार का कोई अभिलेख/शिक्षण शुल्क/लाइब्रेरी/लैंब संबंधि उपकरण अवशेष नही है।

**प्रवेश वर्ष** ......................................................................

**नामांकन नंबर** .............................................................

**प्रभारी पी–एच.डी. प्रकोष्ठ**
**हस्ताक्षर एवं सील**